शृंग्वेरपुर घाट पर पिण्डदान कर पितरों के लिए किया तर्पण

पितृ विसर्जन अमावस्या पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

लालगोपालगंज (प्रयागराज)। पितृ विसर्जन अमावस्या पर शनिवार को शृंग्वेरपुर धाम के गंगा घाट पर पितरों के श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही गंगा घाट पर लोगों का पहुंचना शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान कर अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए विधि-विधान से पिंडदान और तर्पण किया। इसी के साथ १५ दिनों तक चले पितृपक्ष का समापन हो गया।

हिंदू मान्यताओं के अनुसार, पितृपक्ष में पूर्वजों का श्राद्ध और तर्पण करना संतान का महत्वपूर्ण कर्तव्य माना जाता है। धार्मिक आस्था है कि पिंडदान से पितरों को संतुष्टि मिलती है और उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसी विश्वास के साथ श्रद्धालुओं ने अपने माता-पिता और अन्य पूर्वजों को श्रद्धापूर्वक विदाई दी। शृंग्वेरपुर धाम के अलावा कस्बे के गऊघाट सहित अन्य गंगा घाटों पर भी पिंडदान और तर्पण के अनुष्ठान किये गये।

घाटों पर जगह-जगह श्रद्धालु बैठकर धार्मिक विधियां पूरी करते नजर आए। कई लोगों ने पिंडदान से पहले मुंडन भी कराया। धार्मिक मान्यता के अनुसार, भगवान श्रीराम और माता सीता ने भी राजा दशरथ की आत्मा की शांति के लिए गया में पिंडदान किया था। पितृ विसर्जन अमावस्या पर पूरे क्षेत्र में दिनभर धार्मिक गतिविधियां चलती रहीं।

श्रद्धालुओं ने गंगाघाट पर पितरों को दी विदाई

फाफामऊ (प्रयागराज)। पितृ विसर्जन अमावस्या पर शनिवार को फाफामऊ गंगाघाट पर पितरों के श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। सुबह से ही बड़ी संख्या में लोगों ने गंगा में स्नान कर विधि-विधान से अपने पूर्वजों को तर्पण अर्पित किया और पिंडदान कर विदाई दी। इसके साथ ही १५ दिनों से चल रहे पितृपक्ष का समापन हो गया। मान्यता के अनुसार, पितृ अमावस्या पर पूर्वजों का श्राद्ध और तर्पण करने से उन्हें शांति प्राप्त होती है। इसी आस्था के साथ श्रद्धालुओं ने अपने पितरों की स्मृति में पिंडदान किया और सामर्थ्य के अनुसार ब्राह्मणों को दान दिया। सुबह से लेकर दिनभर गंगाघाट पर धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला चलता रहा।

आज निकलेगा फाफामऊ का ऐतिहासिक कर्ण घोड़ा जुलूस

फाफामऊ (प्रयागराज)। फाफामऊ में रविवार को ऐतिहासिक कर्ण घोड़ा जुलूस पूरे साज-सज्जा के साथ निकाला जाएगा। श्रीरामलीला कमेटी फाफामऊ के अध्यक्ष धीरेंद्र केसरवानी ने बताया कि जुलूस फाफामऊ स्थित श्रीरामलीला रंगमंच से भगवान श्रीराम की ध्वजा-पताका लेकर रवाना होगा। इसके बाद फाफामऊ बाजार के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुराने फाफामऊ स्थित श्रीरामलीला मैदान पहुंचेगा। वहां ध्वजा-पताका गाड़ने की परंपरा निभाने के बाद जुलूस वापस लौटेगा। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।



शृंग्वेरपुर धाम के गंगा घाट पर पिण्डदान करते श्रद्धालु।

दुर्गा पूजा और दशहरा को लेकर मऊआइमा में पुलिस का फ्लैग मार्च

७५ स्थानों पर स्थापित होंगी दुर्गा प्रतिमा, पुलिस ने की शांति और सौहार्द बनाये रखने की अपील

मऊआइमा (प्रयागराज)। दुर्गा पूजा और विजयादशमी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए शनिवार शाम मऊआइमा पुलिस ने कस्बे के प्रमुख बाजारों और संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च किया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने तथा किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की।

एसीपी फूलपुर राजकुमार सिंह और मऊआइमा प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा के नेतृत्व में थाने से शुरू हुआ फ्लैग मार्च मियां जी, चुनौटा कुआं, नाटी इमली, सदर बाजार, तीन बत्ती, मोहल्ला मौलाना, बैरहना चौराहा, गंजिया बाजार और कोट मोहल्ला सहित प्रमुख बाजारों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से गुजरा। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने लोगों से पूर्व से चली आ रही परंपराओं के अनुसार त्योहार मनाने और किसी नई परंपरा की शुरुआत नहीं करने की अपील की। साथ ही किसी भी अप्रिय घटना या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने को कहा।

पुलिस के अनुसार, मऊआइमा क्षेत्र में ७५ स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित की गयी हैं। रविवार सुबह मां शैलपुत्री की पूजा और घटस्थापना के साथ शारदीय नवरात्र की शुरुआत होगी। इसे देखते हुए पुलिस ने क्षेत्र में गश्त और निगरानी बढ़ा दी है, ताकि त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनी रहे। फ्लैग मार्च में एसएसआई बालेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक हरिशंकर सिंह, बृजेश तिवारी, आयुष सिंह, कुंवर गौरव सिंह और ओमप्रकाश सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी शामिल रहे।



मऊआइमा में फ्लैग मार्च करती पुलिस।

शारदीय नवरात्र की धूम, हाथी पर सवार होकर आयेंगी मां दुर्गा

आज से शुरू होगा पर्व, घटस्थापना के लिए सुबह ६:१९ से १०:१२ बजे तक शुभ मुहूर्त

लालापुर (प्रयागराज)। शारदीय नवरात्र को लेकर लालापुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भक्ति और उत्साह का माहौल है। मां दुर्गा के स्वागत के लिए गांवों में भव्य पूजा पंडाल सजाए जा रहे हैं। बाजारों में पूजा सामग्री की खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ रही है। युवा पंडालों को आकर्षक रूप देने में जुटे हैं, वहीं घरों और मंदिरों में भी नवरात्र की तैयारियां तेज हो गयी हैं।

वर्ष २०२६ में शारदीय नवरात्र ११ अक्टूबर, रविवार से शुरू होकर १९ अक्तूबर तक चलेंगे। पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा और घटस्थापना की जाएगी। दी गयी पंचांग जानकारी के अनुसार, घटस्थापना का प्रातःकालीन मुहूर्त सुबह ६:१९ बजे से १०:१२ बजे तक तथा अभिजीत मुहूर्त सुबह ११:४४ बजे से दोपहर १२:३१ बजे तक रहेगा। अष्टमी और नवमी १९ अक्तूबर को तथा विजयादशमी २० अक्तूबर को मनाई जाएगी।

हाथी पर आगमन को माना जाता है समृद्धि का प्रतीक

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस बार मां दुर्गा का आगमन हाथी पर माना जा रहा है। हाथी को वर्षा, अच्छी फसल और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इसे लेकर किसानों और ग्रामीणों में विशेष उत्साह है। लालापुर, गोबरा, चकसुचेर, अमिलिया तरहार, बारा, जसरा, लोहगरा और शंकरगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों में पंडाल सजाने का काम तेजी से चल रहा है। कहीं भव्य प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं, तो कहीं रंग-बिरंगी रोशनी, फूलों और आकर्षक सजावट से पंडालों को नया रूप दिया जा रहा है। बाजारों में चुनरी, नारियल, कलश और श्रृंगार सामग्री की दुकानों पर भी रौनक बढ़ गयी है।उधर, प्रशासन ने भी मंदिरों और पूजा पंडालों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। पुलिस गश्त बढ़ाने के साथ पर्व के दौरान शांति और सौहार्द बनाये रखने पर जोर दिया जा रहा है।

दुर्गा प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे कलाकार

पंडालों में स्थापना की तैयारी तेज

कौंधियारा (प्रयागराज)। दुर्गा पूजा नजदीक आते ही क्षेत्र में पंडालों में स्थापित होने वाली मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने का काम तेज हो गया है। सोनाई गांव में मूर्तिकार अवधेश कुमार पटेल, दिनेश कुमार पटेल और दशमलव पटेल अपनी कार्यशाला में प्रतिमाओं को आकर्षक स्वरूप देने में जुटे हैं। कलाकारों के अनुसार, इस बार ४ से ६ फीट तक की प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं, जिनकी कीमत ५,००० से १५,००० रुपये तक है। सभी प्रतिमाएं पहले से मिले आर्डर के अनुसार बनायी जा रही हैं।

मूर्तिकारों ने बताया कि प्रतिमाओं के निर्माण में बांस, लकड़ी, पुआल और विशेष मिट्टी का इस्तेमाल किया जाता है। सबसे पहले बांस और लकड़ी से ढांचा तैयार किया जाता है। इसके बाद पुआल बांधकर उस पर मिट्टी और जूट के रेशों का लेप लगाया जाता है, जिससे प्रतिमा को मजबूत आकार मिलता है। मिट्टी सूखने के बाद बारीक नक्काशी की जाती है और फिर आकर्षक रंगों से रंगाई कर वस्त्रों व आभूषणों से श्रृंगार किया जाता है। परंपरा के अनुसार, प्रतिमाओं के निर्माण में गंगा की मिट्टी का भी विशेष महत्व माना जाता है। कलाकार समय से सभी प्रतिमाओं को तैयार करने में जुटे हैं, ताकि दुर्गा पूजा के दौरान पंडालों में विधि-विधान से उनकी स्थापना की जा सके।

ताड़का वध की लीला देखकर रोमांचित हुए दर्शक

प्राचीन रामलीला में उमड़ रही ग्रामीणों की भीड़

खीरी (प्रयागराज)। यमुनापार की प्राचीन रामलीला में चौथे दिन शुक्रवार की रात ताड़का वध की लीला का मनोहारी मंचन किया गया। आदर्श बजरंग रामलीला मंडल, प्रयाग शिवनगर देवतालाब के कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय से प्रसंग को जीवंत कर दिया।

भगवान श्रीराम की वीरता और ताड़का वध के दृश्य देखकर दर्शक रोमांचित हो उठे। पूरा रामलीला परिसर जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा।

श्री कैलाश सेवा समिति के सानिध्य में आयोजित रामलीला में कलाकारों की संवाद अदायगी, भाव-भंगिमाओं और प्रभावशाली प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मंचन की जीवंतता ने दर्शकों को धार्मिक प्रसंगों से जोड़े रखा और हर दृश्य के साथ लोगों की उत्सुकता बढ़ती रही।

रामलीला देखने के लिए आसपास के दर्जनों गांवों से ग्रामीण पहुंच रहे हैं। शाम होते ही आयोजन स्थल पर भीड़ जुटने लगती है। परिवार के साथ पहुंचे श्रद्धालु भगवान श्रीराम की लीलाओं का आनंद ले रहे हैं। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का माहौल है।

यमुनापार की यह प्राचीन रामलीला धार्मिक आस्था के साथ क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा की भी पहचान है। इसके माध्यम से लोगों को सत्य, साहस और धर्म के मार्ग पर चलने तथा अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया जा रहा है। साथ ही यह आयोजन सामाजिक और धार्मिक एकता को मजबूत करने में भी अहम भूमिका निभा रहा है।



मां दुर्गा की प्रतिमा बनाता मूर्तिकार।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समय पर काउंसिलिंग लेने पर दिया जोर

नैनी (प्रयागराज)। सैम हिगिनबाटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की ओर से अंग्रेजी एवं शिक्षक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने, समस्याओं को समझने और जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञ से काउंसिलिंग लेने के महत्व पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस स्वयंसेवकों की प्रार्थना और भक्ति गीत से हुई। एनएसएस सहायक समन्वयक सत्यम केसरी ने मुख्य वक्ता क्लिनिकल साइकोलाजिस्ट डा. ईशान्या राज का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। उन्होंने एनएसएस के उद्देश्यों और आदर्श वाक्य की जानकारी भी दी। मुख्य वक्ता डा. ईशान्या राज ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं, उनके संभावित कारणों और उनसे निपटने की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि मानसिक परेशानियों को समझना, समय पर सहायता लेना और आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञ से परामर्श करना महत्वपूर्ण है। डीन प्रो. आशीष अलेक्जेंडर ने बेहतर मानसिक स्वास्थ्य के लिए काउंसिलिंग की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मानवीय जुड़ाव और संवेदनशील संवाद का महत्व बताने वाला प्रेरक वीडियो भी दिखाया गया। इसके माध्यम से समझाया गया कि किसी व्यक्ति की बात ध्यान से सुनना और उससे संवाद करना कठिन परिस्थितियों में मददगार हो सकता है। एनएसएस समन्वयक प्रो. दीपक कुमार बोस ने विद्यार्थियों को सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने, सोशल मीडिया के उपयोग का समय सीमित रखने और खुशी देने वाली सकारात्मक गतिविधियों को दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. हीरा बोस और डा. ज्योत्सना जायसवाल ने किया। इसमें शिक्षक शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डा. समाला एस. मसीह, डा. प्रेम प्रभा सिंह, डा. सैयदा एस. अजीज, अंग्रेजी विभाग की डा. अप्सरा स्टेनली, श्रीशुत श्रीवास्तव, अंकिता नाथ और जेनिथ डेनिस सहित ११७ एनएसएस स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

तेज हवा और बारिश से धान की तैयार फसल बर्बाद

कर्ज चुकाने की चिंता में किसान

कौंधियारा (प्रयागराज)। क्षेत्र में ७ अक्टूबर की शाम तेज हवा के साथ हुई बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। खेतों में पकने के करीब थी, उसे बारिश और तेज हवा से अधिक नुकसान हुआ है।



तेज हवा और बारिश से खेत में बर्बाद धान की फसल।

पकने वाली धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। कई खेतों में धान की बालियां पानी में डूब गईं, जबकि कुछ स्थानों पर पूरी फसल जमीन पर गिर गई। तैयार फसल को आंखों के सामने बर्बाद होते देख किसानों के सामने कर्ज चुकाने और अगली फसल की तैयारी का संकट खड़ा हो गया है।

कौंधियारा क्षेत्र में करीब ७० प्रतिशत धान की खेती ऐसी प्रजातियों की है, जिन्हें मंडियों और क्रय केंद्रों पर बेचने के लिए उपयुक्त माना जाता है। इन फसलों को पकने में अभी लगभग डेढ़ महीने का समय लगना था। हालांकि, जो फसल पकने से तैयार धान की फसल को भारी नुकसान हुआ है। खेतों में पानी और नमी बढ़ने से धान की बालियों में कीड़े लगने की आशंका भी बढ़ गई है। पीड़ी, अकोड़ा, टिकरी, कुलमई, कुआं, बेनीपुर, गड़वा कलां, सोढ़िया और देकरा कंचनवा समेत कई गांवों में धान की फसल प्रभावित हुई है। गड़वा कलां के किसान कृष्ण प्रसाद यादव, भैरो प्रसाद, कुलमई के राजकुमार निषाद, नाथूराम पटेल, बसंत लाल पटेल और हरिशंकर गुप्ता सहित अन्य किसानों ने बताया कि उन्होंने उधार लेकर खेती की थी। उम्मीद थी कि फसल बेचकर कर्ज चुका देंगे, लेकिन नुकसान ने उनकी चिंता बढ़ा दी है।

किसानों का कहना है कि तैयार फसल खराब होने से कर्ज चुकाना मुश्किल होगा और अगली फसल की तैयारी के लिए भी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा।

पुराने यमुना पुल के पास मिली घर से निकली युवती

पुलिस ने भाई को सौंपा

नैनी (प्रयागराज)। नैनी कोतवाली क्षेत्र की एग्रीकल्चर चौकी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घर से निकली युवती को पुराने यमुना पुल के पास से सकुशल बरामद कर लिया। आवश्यक पूछताछ और औपचारिकताएं पूरी करने के बाद पुलिस ने युवती को उसके भाई के सुपुर्द कर दिया।जानकारी के अनुसार, सोरांव क्षेत्र निवासी आरती कुमारी पुत्री महेंद्र कुमार अपने प्रेमी के साथ घर से चली गयी थी। युवती के अचानक लापता होने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद एग्रीकल्चर चौकी प्रभारी अभय सिंह ने पुलिस टीम के साथ उसकी तलाश शुरू की। पुलिस के मुताबिक, यूपी-११२ से मिली सूचना और लोकेशन के आधार पर युवती को नैनी स्थित पुराने यमुना पुल के पास से बरामद किया गया। इसके बाद उसे सुरक्षित एग्रीकल्चर चौकी लाया गया, जहां आवश्यक पूछताछ और काउंसलिंग की गयी। पुलिस ने युवती के भाई कृष्ण कुमार को चौकी बुलाया। सुपुर्दगी से संबंधित कागजी कारर्वाई पूरी करने के बाद युवती को उसके भाई के साथ भेज दिया गया। युवती के सकुशल मिलने से परिजनों ने राहत की सांस ली। पुलिस टीम ने मामले में तत्परता दिखाते हुए युवती को सुरक्षित परिजनों तक पहुंचाने की कारर्वाई की।

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस पर आज होगा 'सशक्त बेटियां, सशक्त राष्ट्र' कार्यक्रम

मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं के अधिकार, शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और नेतृत्व क्षमता पर होगी चर्चा

सहसों (प्रयागराज)। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर अमृत एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से रविवार को सुबह ११ बजे गयादीन विश्वकर्मा इंटरमीडिएट कालेज, भिदिउरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मिशन शक्ति के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रम की थीम 'सशक्त बेटियां, सशक्त राष्ट्र' रखी गयी है। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं समाजसेविका डा. अंकिता राज, उत्तर प्रदेश कृषि विभाग की उप निदेशक शिप्रा विश्वकर्मा, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान केंद्र की एसोसिएट प्रोफेसर डा. पुनीता पांडेय और जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज डा. संतोष कुमार राय की उपस्थिति प्रस्तावित है। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और शिक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास, व्यक्तित्व विकास तथा नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना है। इसके माध्यम से बालिकाओं को अपनी प्रतिभा पहचानने और जीवन में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। यह जानकारी ट्रस्ट के अध्यक्ष तीर्थराज विश्वकर्मा ने दी।



शुआट्स में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में शामिल अतिथि एवं प्रतिभागी।

वेंडिंग जोन बना, फिर भी सड़क पटरी पर सज रहीं दुकानें, जाम से जूझ रहे लोग

तय की गयी दुकानों की सीमा की अनदेखी, जेठवारा रोड पर बिगड़ रही यातायात व्यवस्था

लालगोपालगंज (प्रयागराज)। कस्बे के जेठवारा रोड पर जाम की समस्या से राहगीरों को राहत नहीं मिल पा रही है। नगर पंचायत ने दुकानदारों के लिए वेंडिंग जोन की व्यवस्था करने के साथ दुकानों की सीमा निर्धारित करने के उद्देश्य से नाले का निर्माण कराया था। इसके पीछे मंशा थी कि दुकानदार तय स्थान पर दुकानें लगाएं और सड़क पर आवागमन बाधित न हो। इसके बावजूद सड़क की पटरी पर दुकानें सजने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। सड़क किनारे दुकानें लगने के कारण वाहनों के निकलने के लिए पर्याप्त जगह नहीं बचती। इससे दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। बाइक सवारों और चारपहिया वाहन चालकों के साथ बाजार आने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार वाहनों की कतार लगने से राहगीरों को रास्ता पार करने में भी दिक्कत होती है।



लालगोपालगंज के जेठवारा मार्ग पर लगा जाम।

सीमा तय, फिर भी नियमों की अनदेखी-नगर पंचायत ने नाले का निर्माण कर दुकानों की सीमा स्पष्ट करने का प्रयास किया था, ताकि अतिक्रमण पर अंकुश लगे और यातायात सुचारु बना रहे। लेकिन निर्धारित सीमा के बाहर दुकानें लगाये जाने से वेंडिंग जोन का उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है।

कारर्वाई की मांग-स्थानीय लोगों का कहना है कि जब दुकानदारों के लिए अलग से वेंडिंग जोन बनाया गया है, तो उन्हें उसी निर्धारित स्थान पर दुकानें लगानी चाहिए। लोगों ने संबंधित अधिकारियों से मौके का निरीक्षण कर दुकानदारों को तय सीमा में दुकानें लगाने के निर्देश देने और जरूरत पड़ने पर नियमानुसार कारर्वाई करने की मांग की है। अब देखना है कि नगर पंचायत इस समस्या के समाधान के लिए कब प्रभावी कदम उठाती है।

आंगनबाड़ी केंद्र पर महिलाओं ने भरी हुंकार, घर-घर जाकर किया जागरूक

बाल अधिकारों के लिए पीछे नहीं हटूंगी, हर बच्चे को दिलाऊंगी उसका हक-पूजा तिवारी

कोरांव (प्रयागराज)। बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन शोषण और मानव तस्करी जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आस्था महिला एवं बाल विकास संघ की महिलाओं ने शनिवार को देवी बांध गांव में जागरूकता अभियान चलाया। आंगनबाड़ी केंद्र देवी बांध पर आयोजित कार्यक्रम में बाल अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेवा प्रदाता आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री पूजा तिवारी ने कहा कि बच्चे किसी भी देश का भविष्य होते हैं। उन्हें शिक्षा और सुरक्षा देकर सक्षम बनाना जरूरी है। जिस देश का बचपन सुरक्षित नहीं है, वहां विकास की कल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह, बाल श्रम, बाल यौन शोषण और मानव तस्करी जैसे अपराध अक्षम्य हैं। प्रशासन को इनके खिलाफ कठोर कदम उठाने चाहिए। चाय-पान की दुकानों और होटलों में कम उम्र के बच्चों से काम कराना भी चिंता का विषय है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बाल अधिकारों की रक्षा के लिए वह पीछे नहीं हटेंगी। संस्था की कोआर्डिनेटर संजू देवी ने बताया कि संघटन प्रयागराज के अलावा मिर्जापुर, वाराणसी और जौनपुर में भी सक्रिय है। संस्था बाल अधिकारों को मजबूत बनाने और बच्चों के शोषण को समाप्त करने के लिए अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि जब तक किसी भी बच्चे का शोषण होता रहेगा, संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान संघ की महिलाओं ने गांव में घर-घर जाकर लोगों को बाल अधिकारों के प्रति जागरूक किया और बच्चों को सुरक्षित, शिक्षित एवं शोषणमुक्त वातावरण देने की अपील की।



बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता रैली निकालतीं महिलाएं।

मुलायम सिंह यादवकी चौथी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

सपाइयों ने किया नमन

शंकरगढ़ (प्रयागराज)। समाजवादी पार्टी के संस्थापक, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और देश के पूर्व रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव की चौथी पुण्यतिथि पर शनिवार को बारा विधानसभा क्षेत्र के शंकरगढ़ में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। युवा सपा नेता शैलेंद्र यादव, ग्राम नैका के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस दौरान वक्ताओं ने मुलायम सिंह यादव के संघर्षपूर्ण राजनीतिक जीवन, समाजवादी विचारधारा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और जनसेवा के कार्यों को याद किया। उन्होंने कहा कि नेताजी ने अपने राजनीतिक जीवन में किसानों, युवाओं, आम जनता और जरूरतमंदों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। समाज के विभिन्न वर्गों को राजनीतिक भागीदारी दिलाने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

वक्ताओं ने कहा कि मुलायम सिंह यादव का जीवन संघर्ष, सादगी और जनसेवा का प्रतीक रहा। उन्होंने समाजवादी आंदोलन को नई पहचान देने के साथ पार्टी संगठन को मजबूत बनाने में अहम योगदान दिया। उनके विचार आज भी पार्टी कार्यकर्ताओं को जनहित में कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।

श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने नेताजी के बताए रास्ते पर चलने और समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कामद प्रताप सिंह, सपा के पूर्व जिला सचिव अरविंद मिश्रा गुड्डा, विजय बागी, मानस यादव, अतुल प्रकाश यादव, अनीश खान, सपा के पूर्व मीडिया प्रभारी शैलेंद्र सिंह, हर्ष, वैभव, सोनू यादव, आलोक यादव और नंदलाल पाल सहित बड़ी संख्या में पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दुराचार एवं पाक्सो एक्ट का चार साल से फरार वांछित आरोपित गिरफ्तार, जेल भेजा

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा पुलिस ने दुराचार और पाक्सो एक्ट के मामले में चार साल से फरार चल रहे वांछित आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पूछताछ के बाद शनिवार को आरोपित को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, करीब चार वर्ष पूर्व मऊआइमा क्षेत्र में एक किशोरी के अपहरण और दुराचार के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में वांछित राहुल पुत्र राम मिलन, निवासी उदयचनपुर पडिला, थाना सोरांव, तभी से फरार चल रहा था। पुलिस ने शुक्रवार को आरोपित को मऊआइमा रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया। कारर्वाई में प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक विवेक चौरसिया, आलोक सिंह और हरिशंकर सिंह शामिल रहे। पुलिस ने आवश्यक कारर्वाई पूरी करने के बाद आरोपित को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

बारिश की सीलन से ढहा कच्चा मकान

गृहस्थी का सामान मलबे में दबा, मुआवजे की मांग

मऊआइमा (प्रयागराज)। मऊआइमा क्षेत्र के मऊदोस्तपुर गांव में बुधवार को तेज हवाओं के साथ हुई बारिश के दौरान ८५ वर्षीय सोनम देवी का कच्चा मकान ढह गया। मकान गिरने से गेहूं, चावल, बर्तन, चारपाई सहित गृहस्थी का सारा सामान मलबे में दब गया। गनीमत रही कि घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, मऊदोस्तपुर निवासी सोनम देवी पत्नी स्वर्गीय सुखई सरोज अपने इकलौते बेटे के साथ रहती हैं। उनका बेटा मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। मकान ढहने के बाद वृद्धा के सामने रहने का संकट खड़ा हो गया है। बेघर हुई सोनम देवी को फिलहाल दूसरे के घर में शरण लेनी पड़ रही है। घटना की सूचना मिलने पर राजस्व टीम गांव पहुंची और मकान गिरने से हुए नुकसान का आकलन किया। वृद्धा ने शासन-प्रशासन से आर्थिक सहायता और उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है, ताकि वह दोबारा अपने रहने की व्यवस्था कर सकें।

ज्ञान मण्डल प्राइवेट लिमिटेडके लिए जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा ज्ञानमण्डल यंत्रालय, ३ लीडर रोड, प्रयागराजसे मुद्रित तथा लीडर बिल्डिंग, ३ लीडर रोड, प्रयागराज से प्रकाशित।

सम्पादक : शार्दूल विक्रम गुप्त

स्थानीय सम्पादक-जितेन्द्र सिंह

वाराणसी : सन्त कबीर मार्ग
गोरखपुर : बैंक रोड
कानपुर : बांसमण्डी
लखनऊ : १, जापलिंग रोड
आगरा : महात्मा गांधी रोड
बरेली : रोड नं. ३, परसाखेड़ा
पटना : फ्रेजर रोड
रांची : नामकुम इंडस्ट्रियल एरिया
जमशेदपुर : कालीमाटी रोड
धनबाद : कतरास रोड

वर्ष-३१ पू.सं. (११३४७)
रजिस्ट्रेशन संख्या-५९७४१/९५

दूरभाष: २६१५०८०,२६१६१५४

E-mail:ajalld@yahoo.com
ajalld@rediffmail.com
ajdaily86@gmail.com

पी.आर.बी. अधिनियमके अन्तर्गत समाचारके चयनके लिए जितेन्द्र सिंह जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद जनपद न्यायालय, प्रयागराजके अधीन होगा।